दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 07 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

बिहार विधान परिषद की नौ सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव और एक सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए कल नामांकन की अंतिम तारीख है। प्रत्याशी ग्यारह जून तक नामांकन वापस ले सकते हैं। आवश्यक होने पर इन सीटों के लिए अठारह जून को मतदान होगा और इसी दिन शाम को मतगणना होगी। इधर, एनडीए के घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास ने बिहार विधान परिषद की एक सीट के लिए पार्टी के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी को उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा ने चार और जदयू ने चार उम्मीदवारों के नामों की सूची पहले ही जारी कर दी है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चुनाव आज होगा। पार्टी प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने पटना में कहा कि पंचायत स्तर से लेकर जिला अध्यक्षों तक का चुनाव संपन्न हो चुका है। आज प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया के लिए पार्टी के सभी प्रतिनिधि पटना पहुंचे हैं।

———————————————————————————

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने स्वस्थ भविष्य के लिए सुरक्षित और स्वच्छ भोजन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। आज विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने नागरिकों से स्वस्थ खान–पान की आदतें अपनाने और स्वस्थ तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया।

———————————————————————————

तेल कम्पनियों ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। चौदह किलो वाले सिलेंडर के मूल्य में उनतीस रूपये की वृद्धि की गयी है। अब पटना में इसकी कीमत एक हजार ग्यारह रूपये से बढ़कर एक हजार चालीस रूपये प्रति सिलेंडर हो गयी है। वहीं, पांच किलोग्राम वाले सिलेंडर का मूल्य तीन सौ पचहत्तर रूपये से बढ़कर तीन सौ छियासी रूपये हो गया है। नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी है। हालांकि व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के मूल्य में कोई वृद्धि नहीं की गयी है।

————————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों के कारण भारत सहित पूरी दुनिया में तेल और गैस के दाम बढ़ रहे हैं। श्री सरावगी ने पटना में कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों और देश की मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण अन्य देशों की तुलना में भारत में गैस के दाम अनियंत्रित नहीं हुए हैं।

————————————————————————————

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत तीन दिवसीय मुंगेर दौरे के क्रम में आज पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, संघ के पदाधिकारी और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। श्री भागवत मुंगेर के सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ उत्तर–पूर्व क्षेत्र की ओर से आयोजित शिक्षा वर्ग में शामिल होंगे।

————————————————————————————

दक्षिण–पश्चिम मॉनसून के राज्य में सोलह जून के बाद प्रवेश करने की सम्भावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मॉनसून सामान्य गति से बंगाल की खाड़ी के अधिकांश हिस्सों में आगे बढ़ रहा है। विभाग ने बताया कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान देश के पूर्वोत्तर भागों में मॉनसून सक्रिय हो जायेगा।

————————————————————————————

प्रदेश में चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव के कारण मौसम में बदलाव की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान बांका, कटिहार और भागलपुर जिले में हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है। इधर, मौसम विभाग ने बेगूसराय, दरभंगा, खगड़िया, मधुबनी, सहरसा और समस्तीपुर जिले के कुछ भागों में अगले दो घंटों के दौरान तेज हवा के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————————

विक्रमशिला सेतु पर निर्मित बेली ब्रिज से परिचालन आज से शुरू हो गया है। पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने इसका उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी सहित अनेक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि तीन मई की रात पुल का एक स्लैब टूट कर गिर जाने से इस पुल से आवागमन ठप हो गया था।

———————————————————————————

समाप्त